# न्यायालय सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.),आसीन्द जिला–भीलवाडा

**बजरिये श्री संदीप कुमार आर.ए.एस.**

| | |
|---|---|
| मेन्यूअल प्रकरण संख्या | 60/2022 |
| GCMS प्रकरण संख्या | 2022/59 |
| प्रकरण दर्ज होने की दिनांक | 27.01.2022 |
| प्रकरण में निर्णय होने की दिनांक | 27.01.2022 |

**अनवान**

बसन्तीदेवी पत्नि कैलाशचन्द्र गवारिया नि.आसीन्द तहसील आसीन्द जिला भीलवाड़ा

— प्रार्थीया

**बनाम**

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार आसीन्द जिला भीलवाड़ा

— अप्रार्थी

| | |
|---|---|
| उपस्थिति –अधिवक्ता प्रार्थी | प्रार्थिया स्वंय उपस्थित |
| उपस्थितिः- अधिवक्ता अप्रार्थी | पैरोकार सरकार |

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 88 आर.टी.ए.136 एल.आर.एक्ट**

**:: निर्णय ::**

**(1)** प्रार्थिया ने प्रशासन गांवों के संग अभियान -2021 केम्प गांगलास में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर संक्षेपतः निवेदन किया कि प्रार्थिया की राजस्व ग्राम आसीन्द पटवार हल्का आसीन्द में कृषि भूमि स्थित है जिसके वर्तमान आराजी नम्बर 1227/3 रकबा 0.0982 हैक्टर गै.मु.नाला है। उक्त नाला राजस्व नक्शे में प्रार्थिया की खातेदारी कृषि भूमि आराजी नम्बर 1225/1 व आराजी नम्बर 820/1 के बीचों-बीच दर्शाया हुआ है जबकि मौके पर उक्त नाला पुलिया के सामने आराजी नम्बर 1225/1 के दक्षिण दिशा की तरफ किनारे-किनारे गूजर रहा है जिससे प्रार्थिया को कृषि कार्य करने में काफी समस्या हो रही है। अतः प्रार्थिया ने उक्त नाले को अपना कृषि भूमि आराजी नम्बर 1225/1 के दक्षिणी किनारे-किनारे दर्ज कर नक्शा ट्रेस को दुरस्त कराने बाबत् प्रार्थना की है।

**(2)** प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत मूल ही प्रार्थना पत्र मय राजस्व रेकार्ड मौका स्थिति की तथ्यात्मक जांच हेतु तहसीलदार आसीन्द को भिजवाया गया। जिस पर तहसीलदार आसीन्द की जांच रिपोर्ट क्रमांक / राजस्व /2022/33 दिनांक 05.01.2022 प्राप्त होकर शामिल पत्रावली है। तहसीलदार आसीन्द नें अपनी जांच रिपोर्ट के साथ निम्न दस्तावेजात प्रस्तुत किये जो शामिल पत्रावली किये गये –

I. जांच रिपोर्ट पटवारी हल्का आसीन्द

II. मौका पर्चा पटवारी हल्का आसीन्द

Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2022.03.16 13:13:37 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर (S.D.O.)
आसीन्द जिला भीलवाड़ा

III. नवीनतम जमाबन्दी प्रतिलिपी / नक्शा ट्रेस

IV. शपथ-पत्र प्रार्थिया बसन्तीदेवी पत्नि कैलाशचन्द्र गवारिया निवासी आसीन्द


**(3)** प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर मौका रिपोर्ट तहसीलदार आसीन्द / पत्रावली में उपलब्ध अन्य दस्तावेजात का अवलोकन / अध्ययन किया गया। प्रकरण का संक्षेपतः विवरण निम्नानुसार है –

A. राजस्व ग्राम आसीन्द की जमाबन्दी संवत 2076-2079 की खाता संख्या 631 के अनुरूप प्रार्थिया बसन्तीदेवी पत्नि कैलाशचन्द्र गवारिया निवासी आसीन्द के नाम निम्नांकित कृषि भूमि दर्ज रेकार्ड है –

| आराजी नम्बर | रकबा | किस्म |
|---|---|---|
| 1225/1 | 0.4835 | बीड़ |
| 1226 | 0.01 | बीड़ |
| 1227/2 | 0.02 | गै.मु.नाली |
| 1227/3 | 0.0982 | गै.मु.नाला |
| 820/1 | 0.2565 | चाही। |

B. प्रार्थिया की उक्त कृषि भूमि में गै.मु.नाला के रूप में दर्ज आराजी नम्बर 1227/3 रकबा 0.0982 हैक्टर भूमि राजस्व नक्शे में प्रार्थिया के खातेदारी आराजी नम्बर 820/1 व आराजी नम्बर 1225/1 के मध्य दर्शाया हुआ है जबकि प्रार्थिया नें प्रार्थना पत्र मय नोटेरीशुदा शपथ-पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उक्त गै.मु.नाला मौके पर उक्त स्थान पर नहीं होकर प्रार्थिया की खातेदारी आराजी नम्बर 1225/1 की दक्षिणी मेड़ के सहारे सहारे निकला हुआ है जिसे दुरूस्त किया जावें।

C. प्रार्थिया की कृषि भूमि में प्रवाहित गै.मु.नाला का नजरी नक्शा निम्नानुसार है –




Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2022.03.16 13:13:37 IST
Reason: SelfAttested

D. उक्त सम्बन्ध में तहसीलदार आसीन्द की मौका रिपोर्ट व नक्शे के अवलोकन पर स्पष्ट हुआ है कि प्रार्थिया की उक्त कृषि भूमि की पश्चिमी दिशा की ओर हाल राजस्व रेकार्ड में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148D का अंकन किया गया है तथा प्रार्थिया की खातेदारी आ.नं.1225/1 के दक्षिण-पश्चिमी कोने पर पानी की निकासी के लिये पुलिया का निर्माण किया हुआ है जिससे पानी की निकासी होकर प्रार्थिया की खातेदारी आ.नं.1225/1 की दक्षिणी मेड़ के



सहायक कलेक्टर (S.D.O.)
आसीन्द जिला भीलवाड़ा

सहारे-सहारे बहाव होता है । प्रार्थिया की खातेदारी आ.नं.1227/3 रकबा 0.0982 किस्म गै.मु.नाला में पानी का बहाव नहीं होकर भूमि समतल होकर कृषि कार्य हेतु प्रयुक्त हो रही है जबकि वास्तविक रूप से पानी का बहाव भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148 D पर निर्मित पुलिया में से होकर प्रार्थिया की आराजी नम्बर 1225/1 की दक्षिणी मेड़ के सहारे –सहारे होना प्रतीत होता है।

**(4)** उपरोक्त विवेचन के आधार पर न्यायालय को प्रार्थना –पत्र प्रार्थिया स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है । अतः

## ◂ क्रियात्मक आदेश ▸

प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 व धारा 136 राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किया जाकर उक्त बिन्दु संख्या 3 ( C ) के अनुरूप राजस्व ग्राम आसीन्द की जमाबन्दी संवत 2076-79 की खाता संख्या 631 में निम्नानुसार संशोधन के आदेश किये जाते है -

| क्र.सं. | वर्तमान विवरण | | | | परिवर्तन पश्चात विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आराजी नम्बर | कुल रकबा | किस्म | खातेदार का नाम | खातेदार का नाम | आराजी नम्बर | रकबा | किस्म |
| 1 | 1227/3 | 0.0982 | गै.मु.नाला | बसन्तीदेवी पत्नि कैलाशचन्द्र गुवारिया निवासी आसीन्द | बसन्तीदेवी पत्नि कैलाशचन्द्र गुवारिया निवासी आसीन्द | 1227/3 | 0.0982 | चाही। |
| 2 | 1225/1 | 0.4835 | बीड़ | | | 1225/1 | 0.3853<br>0.0982 | बीड़<br>गै.मु.नाला |

तदनुसार राजस्व रेकार्ड में आवश्यक इन्द्राज हेतु तहसीलदार आसीन्द को लिखा जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावें। निर्णय आज दिनांक 27.01.2022 को सरे –इजलास सुनाया गया।

( संदीप कुमार )
सहायक कलक्टर (S.D.O.)
आसीन्द जिला भीलवाड़ा

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड आसीन्द जिला भीलवाड़ा

क्रमांक / रीडर / 2022 / दिनांक

Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2022.03.16 13:13:37 IST
Reason: SelfAttested

प्रतिलिपी:- तहसीलदार आ[illegible] लेख है कि निर्णय की पालना में राजस्व रेकार्ड में आवश्यक इन्द्राज करा पालना रिपोर्ट [illegible] राजस्व रेकार्ड की प्रमाणित प्रतियों के इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

सहायक कलक्टर (S.D.O.)